# एम्स में आयोजित हुआ महिलाओं की जटिल समस्याओं को लेकर सम्मेलन

4 days ago




एम्स में आयोजित हुआ महिलाओं की जटिल समस्याओं को लेकर सम्मेलन

ऋषिकेश-अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश की ऐतिहासिक पहल पर महिलाओं की गुप्त रोगों से जुड़ी जटिल समस्याओं को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभाग द्वारा “स्त्री वरदान: चुप्पी तोड़ो नारीत्व से नाता जोड़ो” कार्यक्रम की नीव रखी। बताया गया है कि एम्स ऋषिकेश द्वारा उत्तराखंड से शुरू किया गया यह अभियान भारत देश में अपनी तरह का विश्वस्तरीय बड़ी मुहिम है। जिसके माध्यम से एम्स संस्थान महिलाओं को उनकी समस्याओं के प्रति जागरुक किया जाएगा। एम्स ऋषिकेश के रिकंस्ट्रक्शन एंड कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभाग की पहल आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड के लगभग सभी जिलों से 50 से अधिक स्वयं सेविका महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने मुहिम को गांव-गांव-घर घर तक पहुंचाने व राज्य की प्रत्येक महिलाओं को उनकी समस्याओं को लेकर जागरुक करने व ग्रसित महिलाओं को उपचार के लिए प्रेरित करने की शपथ भी ली। एम्स निदेशक एवं सीईओ पद्मश्री

Dainik yog nagari news Live

Dainik yog nagari news



Dainik yog nag…

Dainik yog nagari news



Dainik yog nag…

Dainik yog nagari news



Dainik yog nag…

Dainik yog nagari news

Advertisment




Advertisment

प्रोफेसर रवि कांत ने अपने संदेश में बताया कि यह सम्मेलन महिलाओं के गुप्त रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान की दिशा में पहला कदम है, जिसका उद्देश्य भारत की हर महिला को ऐसी समस्याओं को लेकर जागरुक करना हो व उन महिलाओं तक पहुंचकर एम्स ऋषिकेश की सुपरस्पेशलिटी सेवाओं से उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलवाना है।












## Weather




(https://www.booked.net/weather/rishikesh-32481)

## Recent Posts


खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दम
(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए नगर निगम ने उता
स्वच्छता रथ, महापौर ने दिखाई हरी झंडी
(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/

करवाचौथ पर्व पर विधानसभा अध्यक्ष ने महिलाओं को बांटे
किट
(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/

मोबाइल नेटवर्क ने उपभोक्ताओं का बड़ाया सिर दर्द
(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/

हीरो मोटोकॉर्प लि0 द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल

ऋषिकेश को दिया गया पुस्तकालय फर्नीचर
(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/

निदेशक पद्मश्री प्रो. रवि कांत ने यह भी कहा कि चूंकि एम्स संस्थान उत्तराखंड में स्थापित है लिहाजा हमारा सबसे पहला प्रण है कि राज्य के आखिरी गांव की आखिरी महिला तक इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर हाल में पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में रिकंस्ट्रक्टिव और कॉस्मेटिक गाइनोकॉलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत मग्गो ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी यह अपनी तरह की पहली मुहिम है, जिसे निदेशक एम्स पद्मश्री प्रो. रवि कांत जी की पहल पर उनकी अगुवाई में शुरू किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागी महिलाओं को प्रेरित किया कि हमें उत्तराखंड के आखिरी गांव तक पहुंच कर उस आखिरी महिला को अपने स्वास्थ्य के लिए चिंतित रहने के लिए प्रेरित करना है जोकि कभी अपने स्वास्थ्य के बारे में सोचे बिना चुपचाप हर परिस्थिति में अपनी बीमारी को सहते हुए जीवन बिता रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि हमें इस मुहिम में उन महिलाओं से बात करनी है, जो महिलाएं या तो वह संकोच के मारे बात नहीं कर पाती अथवा समाज उन महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को नजरअंदाज कर देता है। इस दौरान डॉ. नवनीत ने प्रतिभागी सेविकाओं को महिलाओं के यूरिनरी इनकांटिनेस उनकी यौन समस्याएं और उनके यौन अंग या शरीर बाहर आने की समस्याओं पर विस्तृत जानकारियां दी व इस तरह की बीमारियों से शरीर को होने वाले दूसरे तरह के नुकसान को लेकर जागरुक किया। उन्होंने कहा कि हम सभा को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि अगले 5 वर्ष के अंदर उत्तराखंड राज्य को यूरिनरी इनकांटीनेंस फ्री यानी यूरिनरी इनकांटीनेंस से मुक्त करना है। गौरतलब है कि एम्स का रिकंस्ट्रक्टिव और गाइनोकॉलोजी विभाग पूरे विश्व में अपनी तरह का पहला सुपरस्पेशलिटी विभाग है, जिसमें कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों को नियुक्त किया गया है। सम्मेलन में डा. नवनीत जी ने राज्यभर से सम्मेलन में पहुंची स्वयं सेविकाओं को शपथ दिलाई कि हर सेविका अभियान के साथ पूरी तरीके से जुड़ कर अपने- अपने क्षेत्रों में उक्त रोगों से ग्रसित महिलाओं को अपना इलाज कराने के लिए प्रेरित करेंगी और महिला स्वास्थ्य से जुड़े इस कार्य को राष्ट्र निर्माण का कार्य समझ कर पूरी कर्तव्यनिष्ठा से करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला का पूर्णरूप से स्वस्थ रहना परिवार, समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने एम्स ऋषिकेश व संस्थान के डॉ. नवनीत मग्गो के इस अभियान की प्रशंसा की व इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर विभाग की चिकित्सक डा. मानवी, डा. नीति श्री, राष्ट्रीय सेविका संगठन की प्रांत कार्यवाहिनी भावना त्यागी, सेवा भारती मात्रिमंडल की प्रांत संयोजिका सुनीता भट्ट, मात्रिमंडल की क्षेत्रीय संयोजिका पश्चिमी उत्तरप्रदेश क्षेत्र रीता गोयल, प्रांत समरष्टा मंच प्रमुख अनुराधा सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधा गुप्ता आदि मौजूद थे।

Share this:

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167?share=twitter&nb=1)

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167?share=facebook&nb=1)

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167#print)

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167?share=linkedin&nb=1)

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167?share=pinterest&nb=1)

(https://www.dainikyognagarinews.com/archives/20167?share=jetpack-whatsapp&nb=1)

Like this:

Like

Be the first to like this.

## तिथि पंचांग

समय: 11:08 Date: 5 नवम्बर 2020

सूर्य: 9 52'56" मिथुन
वार: गुरुवार
तिथि: 20. पंचमी
Frm: 5.11.2020 05:14 To: 6.11.2020 06:36
नक्षत्र: 6. आर्द्रा
Frm: 5.11.2020 04:50 To: 6.11.2020 06:44
करण: 3. कौलव
Frm: 5.11.2020 05:14 To: 5.11.2020 17:59
योग: 21. सिद्ध

## Live Cricket score

RECENT LIVE

MI vs
149/8(20.0)
Sunrisers Hyderabad win by 10 w
IPL 2020, Match 56

ZIM vs
278/6(50.0) & 5/0(0.3) 2
ZIM won by 3
Zimbabwe Tour of Pakistan 2020,

RCB vs
152/7(20.0)
Delhi Capitals win by 6 wicke
IPL 2020, Match 55

KKR vs

CRICTIMES EMBED